भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3031**
जिसका उत्तर सोमवार 15 मार्च, 2021
24 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाना है

**पीएसयू का विनिवेश**

3031. **श्री मनोज कोटक:**
**श्री पिनाकी मिश्रा:**
**श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने 2016 से अब तक 34 रणनीतिक मामलों में विनिवेश को सिद्धान्त रूप में मंजूरी दे दी है;
(ख) यदि हां, तो विनिवेश हेतु किन कंपनियों/पीएसयूस को राज्य-वार चिन्हित किया गया है और इस संबंध में क्या मानदंड अपनाए गए हैं;
(ग) क्या किसी विशेषज्ञ समिति को इस उद्देश्य के लिए गठित किया गया था और उसी ने विनिवेश के लिए पीएसयू के नामों की सिफारिश की थी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) पिछले तीन वर्षों से इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में से कितने उपक्रम लाभ में चल रहे हैं और कितने पीएसयू घाटे में चल रहे हैं;
(ड.) सरकार का विनिवेश के माध्यम से 2021-22 में कितनी आय प्राप्त करने का लक्ष्य है, विनिवेश प्रक्रिया कब तक शुरू तथा पूरी हो जाएगी; और
(च) क्या सरकार ने कर्मचारियों पर विनिवेश के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो विनिवेश के परिणामस्वरूप प्रभावित होने वाले कर्मचारियों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

**(क) से (घ):** सरकार ने वर्ष 2016 से अब तक 35 सीपीएसईस और सीपीएसईस की सहायक कंपनियों/ इकाईयों/संयुक्त उद्यमों के रणनीतिक विनिवेश के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है जिनकी सूची **अनुबंध** में दी गई है। यह नीति आयोग की अनुशंसाओं पर आधारित है, जिसे सीपीएसईस के रणनीतिक विनिवेश के लिए अधिदेशित किया गया है। इस प्रयोजनार्थ नीति आयोग को ऐसे सीपीएसईस की (i) राष्ट्रीय सुरक्षा; (ii) अप्रत्यक्ष तौर पर शासकीय कार्य; और (iii)

2/-

बाजार अभाव तथा सार्वजनिक उद्देश्य के मापदंडों के आधार पर पहचान करने के लिए अधिदेशित किया गया है। सीपीएसईस की लाभप्रदत्ता या हानि विनिवेश के प्रासंगिक मापदंड नहीं हैं। इस सूची में लाभ अर्जित करने वाली सीपीएसईस के साथ ही घाटे में चलने वाली सीपीएसईस शामिल हैं।

**(ड.)** वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में, विनिवेश प्राप्तियों हेतु लक्ष्य 1.75 लाख करोड़ रु. (बजट अनुमान) रखा गया है। विनिवेश प्राप्तियों की मात्रा और विनिवेश सौदों का समय प्रचलित बाजार परिस्थितियों और निवेशकों' की अभिरूचि पर निर्भर करेगा।

**(च)** रणनीतिक विनिवेश में यह प्रत्याशा कि जाती है कि रणनीतिक खरीदार कार्य क्षमता के ईष्टतम विकास और सीपीएसई के विकास के लिए नई निधियों, प्रौद्योगिकी, और बेहतर प्रबंधन परिपाटियों को लाएगा। विनिवेश के बाद कंपनी के विकास से उच्च आर्थिक गतिविधियों का सृजन, सहायक उद्योगों का विकास और देश के आर्थिक विकास में सहयोग हो सकेगा, जिससे रोज़गार के नए अवसरों का सृजन होगा। कंपनी का प्रस्तावित रणनीतिक विनिवेश 'चल रही कंपनी' के आधार पर है केवल स्वामित्व में परिवर्तन होगा और कर्मचारी सामान्य तौर पर कंपनी के कर्मचारी बने रहेंगे। इसके अलावा शेयर खरीद करार में निर्धारित सहमत निबंधनों और शर्तों में कर्मचारियों के संबंध में विशिष्ट खंड हो सकते हैं। विनिवेश के बाद, उत्पादन, उत्पादकता और लाभप्रदत्ता में वृद्धि होने से कर्मचारियों के सुअवसरों में सुधार होने की प्रत्याशा है।

*****

**दिनांक 15.03.2021 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3031 के लिए अनुबंध**

**उन सीपीएसईस और सीपीएसईस की सहायक कंपनियों/इकाईयों/संयुक्त उद्यमों की सूची जिनके रणनीतिक विनिवेश के लिए सरकार ने वर्ष 2016 के बाद 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है**

**क) चल रहे सौदे**

| क्र. स. | सीपीएसई का नाम | पंजीकृत मुख्यालय | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2017-18 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2018-19 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रोजेक्ट एंड डेवलपमेंट इंडिया लि. | नोएडा (यूपी) | 269 | 3036 | 3183 |
| 2. | इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट (इंडिया) लि. | नई दिल्ली | 14 | -3303 | 92 |
| 3. | ब्रिज एण्ड रूफ कंपनी इंडिया लि. | हावड़ा (डब्ल्यूबी) | 1657 | 3333 | 3142 |
| 4. | सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (सीसीआई) की इकाईयां | नई दिल्ली | 1799 | 635 | -5094 |
| 5. | सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लि. | साहिबाबाद (उत्तर प्रदेश) | 2170.53 | 168.82 | NOT AVAILABLE |
| 6. | बीईएमएल लि. | बंगलूरु (कर्नाटक) | 12944 | 6349 | 6838 |
| 7. | फेरो स्क्रेप निगम लि. (सहायक कंपनी) | भिलाई (छत्तीसगढ़) | 807 | 2669 | 3058 |
| 8. | एनएमडीसी लि. का नागरनार इस्पात सयंत्र | हैदराबाद (आंध्र प्रदेश) | 380588 | 464211 | 361012 |
| 9. | भारतीय इस्पात प्राधिकरण लि. की इकाईयां - अलॉय इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर; सेलम इस्पात संयंत्र; भद्रावती इस्पात संयंत्र | नई दिल्ली | -48171 | 217882 | 202154 |
| 10. | पवन हंस लि. | नोएडा (यूपी) | 1929 | -6920 | -2808 |
| 11. | एयर इंडिया और इसकी पांच सहायक कंपनियां तथा एक संयुक्त उद्यम | नई दिल्ली | -533774 | -847480 | -847480 |
| 12. | एचएलएल लाइफ केयर लि. | तिरुवनंतपुरम (केरल) | -6958 | 1847 | 11049 |
| 13. | इंडियन मेडिसिन एण्ड फार्मास्यूटिक्लस कॉरपोरेशन लि .(आईएमपीसीएल) | उत्तराखंड | 766 | 558 | 45 |
| 14. | भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) की विभिन्न इकाईयां | नई दिल्ली | 1771 | 3957 | 2248 |
| 15. | हिन्दुस्तान एंटीबायोटिक्स लि. | पुणे (महाराष्ट्र) | 20832 | -7110 | -13830 |
| 16. | बंगाल केमिकल्स एण्ड फार्मास्यूटिकल्स लि. | कोलकाता (पं. बंगाल) | 1006 | 2526 | 1307 |
| 17. | (क) भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. को छोड़कर) (ख) नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. में बीपीसीएल की हिस्सेदारी किसी रणनीतिक खरीदार सीपीएसई को | मुम्बई (महाराष्ट्र ) | 797630 | 713202 | 268319 |
| 18. | शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. | मुम्बई (महाराष्ट्र ) | 25375 | -12199 | 30235 |
| 19. | कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. | नई दिल्ली | 104446 | 121341 | 37578 |
| 20. | नीलाचल इस्पात निगम लि. | भुवनेश्वर (उड़ीसा) | -37766 | -40219 | NOT AVAILABLE |
| 21. | राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. | विशाखापट्टनम (एपी) | -136901 | 9671 | -391017 |

ख) मुकदमों के कारण रोके गए सौदे

| क्र.स. | सीपीएसई का नाम | पंजीकृत मुख्यालय | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2017-18 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2018-19 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 22. | हिन्दुस्तान न्यूज़प्रिंट लि. (सहायक कंपनी) | कोट्टायम (केरल) | -10165 | -13186 | -13185 |
| 23. | कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एण्ड फार्मास्यूटिक्लस लि. | बेंगलुरु (कर्नाटक) | 1174 | 1582 | 2299 |

ग) सीपीएसईस बंदीकरण हेतु अनुशंसित/अनुमोदित होने के कारण रोके गए सौदे

| क्र.स. | सीपीएसई का नाम | पंजीकृत मुख्यालय | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2017-18 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2018-19 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 24. | हिन्दुस्तान फ्लोरोकार्बन लि. (सहायक कंपनी)* | मेदक (तेलंगाना) | -77 | 170 | -363 |
| 25. | स्कूटर्स इंडिया लि # | लखनऊ (यूपी) | -1862 | -463 | -1573 |
| 26. | भारत पंप्स एंड कम्प्रेसर्स लि. @ | नैनी, इलाहाबाद (यूपी) | -4392 | -3348 | -2699 |
| 27. | हिन्दुस्तान प्रीफैब लि. | नई दिल्ली | 193 | 214 | 214 |

* सीसीईए ने दिनांक 22.01.2020 को सीपीएसई के बंदीकरण का अनुमोदन किया

# सीसीईए ने दिनांक 20.01.2021 को सीपीएसई के बंदीकरण का अनुमोदन किया

@ सीसीईए ने दिनांक 09.12.2020 को सीपीएसई के बंदीकरण का अनुमोदन किया

घ) संपन्न किए गए सौदे

| क्र.स. | सीपीएसई का नाम | पंजीकृत मुख्यालय | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2017-18 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2018-19 | करोपरांत लाभ (लाख रु.) 2019-20 |
|---|---|---|---|---|---|
| 28. | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि . | मुम्बई (महाराष्ट्र ) | 635707 | 602866 | 263726 |
| 29. | ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लि. | नई दिल्ली | 441989 | 576372 | 488616 |
| 30. | एचएससीसी (इंडिया) लि. | नोएडा (यूपी) | 2358 | 4981 | 3763 |
| 31. | नेशनल प्रोजेक्टस कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लि. | फरीदाबाद (हरियाणा) | 3036 | 1937 | 1937 |
| 32. | ड्रेजिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. | विजाग (एपी) | 1714 | 3803 | 551 |
| 33. | टीएचडीसी इंडिया लि. | ऋषिकेश (उत्तराखंड) | 77116 | 118991 | 92025 |
| 34. | नॉर्थ ईस्टर्न इलैक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लि. | शिलांग (मेघालय) | 27466 | 21106 | 16584 |
| 35. | कामराजार पोर्ट लि. | चेन्नई (तमिलनाडु) | 39418 | 34035 | 24903 |